दैनिक भास्कर

Date: 05 Feb 10; Edition: Delhi

# थिएटरों में दिखाए जाएंगे आईपीएल मैच

**नई दिल्ली** | कभी बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्में दिखाने वाले थिएटर अब 12 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीसरे संस्करण के क्रिकेट मैचों का सीधा प्रसारण दिखाने की तैयारी में है। देश के खेल इतिहास में खेल प्रेमी पहली बार क्रिकेट मैचों का अब अपने नजदीक के थिएटरों में सीधा प्रसारण देख सकेंगे और स्टेडियम जैसे माहौल का लुफ्त उठा सकेंगे।